भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-2486**

10 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ

**विषयः वस्तुओं की घटती कीमतों के कारण कृषि संकट**

2486. श्री राजमोहन उन्नीथनः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि वस्तुओं की घटती कीमतों के कारण देश में कृषि संकट किसानों की आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार समर्थन मूल्य प्रदान करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का रबड़, चाय, कॉफी और इलायची को न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत शामिल करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री

(श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) और (ख): कृषि जिंसों की कीमतें, मांग और आपूर्ति के बाजार प्रभावों, अंतर्राष्ट्रीय बाजार मूल्यों, प्रभावी टैरिफ/शुल्कों और राज्यों के भीतर कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) मंडियों में नीलामी मूल्यों आदि से प्रभावित होती हैं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय उचित नीतिगत उपायों, बजटीय सहायता और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्यों के प्रयासों हेतु सहायता प्रदान करता है।

बाजार मूल्यों के गिरने से किसानों की सुरक्षा के लिए सरकार कई उपायों का कार्यान्वयन करती है। इनमें गन्ने के लिए उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) सहित 23 अधिदेशित फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद, एमएसपी के दायरे में न आने वाली बागवानी और कृषि जिंसों वस्तुओं के लिए बाजार हस्तक्षेप योजना शामिल है।

(ग): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। एमएसपी संरचना के तहत फसलों को शामिल करना कई कारकों पर निर्भर करता है, जिसमें खाद्य सुरक्षा, अपेक्षाकृत लंबी शेल्फ लाइफ, व्यापक रूप से उगाई जाने वाली फसलें, बड़े पैमाने पर उपभोग की जाने वाली वस्तुएँ आदि शामिल हैं।

******